मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी-मार्च, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 17 जनवरी, 2001 (पौष 27, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री नरेन्द्र नाहटा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड का सोलहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1999-2000 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) श्री नित्यनिरंजन खम्परिया, सदस्य, कटनी जिले के बहोरीबंद तहसील में मार्बल का अवैध उत्खनन होने की ओर खनिज साधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्रीमती सुधा जैन, श्री राव देशराज सिंह यादव, सदस्य, सागर जिले के मालथौन क्षेत्र में मस्तिष्क ज्वर का प्रकोप होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री अजय सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, मध्यप्रदेश पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2001 (क्रमांक 1 सन् 2001) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

5. राज्यपाल के अभिभाषण पर चौधरी राकेश सिंह, सदस्य, द्वारा दिनांक 12 जनवरी, 2001 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा...........(क्रमशः)

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ है."

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 16 जनवरी, 2001